**दिनांक : 19.01.2025** **समय : 07.10PM**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी भोपाल**

**सांध्यकालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार -

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में रातापानी अभ्यारण्य का किया उल्लेख।
- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा ग्वालियर को स्टार्ट अप शहर के रूप में उल्लेख करने पर जताया आभार।
- प्रदेश में कल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये पंजीयन की होगी शुरूआत।
- प्रदेश में अगले तीन दिनों में सर्दी बढ़ने के आसार। दस जिलों में तापमान 8 डिग्री से नीचे पहुंचा।

समाचार विस्तार से...

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 18वीं कड़ी में अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामना दी हैं। उन्होंने कहा है कि संविधान लागू होने की 75वीं वर्षगांठ होने के कारण इस वर्ष के गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है। प्रधानमंत्री ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व की भी चर्चा की।

प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता-समरसता का एक असाधारण संगम है। उन्होंने कहा कि कुंभ विविधता में एकता का उत्सव है और इस बार संगम पर जनसैलाब उमड़ पड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा हो गया है और पौष शुक्ल द्वादशी को लाखों रामभक्तों ने रामलला के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए अपनी विरासत को भी सहेजना है और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है।

प्रधानमंत्री ने अन्य प्राणियों के साथ मनुष्य के जुड़ाव के संबंध में कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आसपास के पशु-पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है। श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास तमोर पिंगला बाघ अभयारण्य और मध्यप्रदेश में रातापानी बाघ अभयारण्य की स्थापना पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के नौ वर्ष पूरा होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है और आधे से अधिक स्टार्ट-अप दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चेंगलपत्तू, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम में कई स्टार्ट-अप काम कर रहे हैं और पिछले वर्ष नागालैंड में स्टार्ट-अप पंजीकरण में दो सौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

मन की बात-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 118वें संस्करण का वाजपेई नगर ईदगाह हिल्स भोपाल स्थित योग केन्द्र में स्थानीय रहवासियों के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इससे विभिन्न राज्यों में हो रहे नवाचारों और व्यक्तिगत स्तर पर जनसामान्य द्वारा की जा रही पहल की जानकारी प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश में आरंभ हुए रातापानी टाइगर रिजर्व और ग्वालियर का स्टार्टअप सेंटर के रूप में उल्लेख करने से सभी प्रदेशवासियों को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है।

समर्थन मूल्य

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कल से प्रदेश में पंजीयन शुरू होने जा रहा है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे।

महाकुंभ - आग

प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र के सैक्टर 19 में आज आग लग गई जिस पर जल्दी ही काबू पा लिया गया। बताया गया है कि इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है और उसे अस्पताल भेजा गया है। लोगों का कहना है कि खाना बनाते समय एक टैंट में आग लग गई। जैसे ही आग लगने की सूचना मिली तो मेला प्रशासन ने तुंरत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री योगी ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रयागराज के कलेक्टर रविंद्र कुमार मंदर ने कहा की आग पर काबू पा लिया गया है और कोई जनहानी नहीं हुई है।

टीबी मुक्त भारत

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और महिला बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया ने आज मंदसौर में जन जागरूकता के लिए टीबी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से जिले में 100 दिवसीय टीबी जन जागरूकता अभियान चल रहा है। दोनों नेताओं ने नारायणगढ में 1 करोड़ 69 लाख से निर्मित इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भवन नारायणगढ़ का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री मनसुख मांडविया, खेल और युवा कल्याण एवं सहकारिता विभाग मध्य शासन के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ें।

तीन नए कानून

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून वर्तमान समय की आवश्यकता और चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए यह कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक मानसिकता से निकालकर अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन कानूनों को प्रदेश में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। देश में जुलाई 2024 से नए कानूनों का क्रियान्वयन आरंभ हुआ।

आर्मी मैराथन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेना पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्यमंत्री आज भोपाल में  फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का असर अब और तेज हो सकता है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बर्फीली हवाओं की रफ्तार बढ़ने की संभावना जताई है। आज सुबह 20 से ज्यादा जिलों में कहीं मध्यम तो कहीं घना कोहरा छाया रहा। प्रदेश में सबसे कम तापमान शहडोल के कल्याणपुर में 3 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के ग्वालियर, अनूपपुर, छतरपुर सहित 10 जिलों में तापमान 8 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। भोपाल में कल तापमान 9 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने ग्वालियर, दतिया, भिंड सहित 14 जिलों के लिये घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- मलेशिया के कुआलालम्पुर में अंडर 19 महिला विश्व कप में आज भारत ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया है।
- पन्ना जिले के इटोरी गावं के पास एक भीषण सडक हादसे मे आज तीन लोगों कि मौत हो गयी, जबकि अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में आज संभावना गतिविधि के तहत सुमन परस्ते एवं साथियों ने गोण्ड जनजातीय सैला नृत्य की प्रस्तुति दी। बुन्देली बधाई और पंजाबी लोक गायन की प्रस्तुति भी दी गई।
- खो-खो विश्व कप के फाइनल में आज नई दिल्ली में भारत की महिला टीम ने नेपाल को हराकर खिताब जीत लिया है।

---------------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब :-**

(1) मन की बात-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 118वें संस्करण का वाजपेई नगर ईदगाह हिल्स भोपाल स्थित योग केन्द्र में स्थानीय रहवासियों के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इससे विभिन्न राज्यों में हो रहे नवाचारों और व्यक्तिगत स्तर पर जनसामान्य द्वारा की जा रही पहल की जानकारी प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश में आरंभ हुए रातापानी टाइगर रिजर्व और ग्वालियर का स्टार्टअप सेंटर के रूप में उल्लेख करने से सभी प्रदेशवासियों को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है।

बाइट-मुख्यमंत्री

(2) समर्थन मूल्य

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कल से प्रदेश में पंजीयन शुरू होने जा रहा है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे।

(3) टीबी मुक्त भारत

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और महिला बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया ने आज मंदसौर में जन जागरूकता के लिए टीबी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से जिले में 100 दिवसीय टीबी जन जागरूकता अभियान चल रहा है। दोनों नेताओं ने नारायणगढ में 1 करोड़ 69 लाख से निर्मित इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भवन नारायणगढ़ का लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री मनसुख मांडविया, खेल और युवा कल्याण एवं सहकारिता विभाग मध्य शासन के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ें।

(4) तीन नए कानून

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून वर्तमान समय की आवश्यकता और चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए यह कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक मानसिकता से निकालकर अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन कानूनों को प्रदेश में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। देश में जुलाई 2024 से नए कानूनों का क्रियान्वयन आरंभ हुआ।

(5) आर्मी मैराथन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेना पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्यमंत्री आज भोपाल में  फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

--------------------